M

No. of Printed Pages : 7

Summative Assessment II, 2011-2012

Subject : हिन्दी

Time : 2½ Hrs.] Class : VIII [M. M. : 70

सामान्य निर्देश –

(i) सुन्दर व स्पष्ट लेख लिखें।

(ii) प्रश्न हल करने के पश्चात् दो पंक्तियाँ अवश्य छोड़ें।

(iii) उत्तर लिखते समय प्रश्न क्रम संख्या अवश्य लिखें।

---

1. सर्वनाम की परिभाषा एवं भेदों के नाम लिखिए। 4

2. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए – $2 \times 10 = 20$

(i) शुद्ध रूप लिखिए –

आर्शिवाद, सार्मगरी

(ii) उपसर्ग अलग कीजिए –

अभिमान, प्रत्येक

P.T.O.

(iii) 'वाला' प्रत्यय से बनने वाले दो शब्द लिखिए।

(iv) निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए –

अदब, खुराफाती, गोरस, यकीन

(v) निम्न शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए –

चंद्रमा, भूमि

(vi) निम्न शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए –

शीत, विदेश, आकाश, निर्धन

(vii) वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिए –

(क) जो सब कुछ जानता हो

(ख) जहाँ पहुँचना कठिन हो

(viii) 'हार' शब्द के दो भिन्न अर्थ बताने वाले वाक्य बनाइए।

(ix) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए –

(क) टोपी पहनाना

(ख) आँखें दिखाना

(ग) नौ-दो ग्यारह होना

(घ) आसमान सिर पर उठाना

(x) निम्नलिखित शब्दों में से जातिवाचक संज्ञा के शब्द छाँटिए –

लड़का, मोहन, मिठास, नदी, कपड़ा, पर्वत

3. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए – 5

(i) मेरा प्रिय नेता

(ii) बसंत ऋतु

(iii) दीपावली

4. अनुशासन का महत्त्व बताते हुए मित्र को पत्र लिखिए। 3

अथवा

अपने क्षेत्र में अनियमित डाक व्यवस्था की शिकायत करते हुए डाकपाल को पत्र लिखिए।

5. निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर किसी एक के पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

सीस पगा न झँगा तन में प्रभु! जाने को आहि बसे केहि ग्रामा।

धोती फटी से लटी दुपटी, अरु पाँय उपानह को नहिं सामा।

द्वार खड़ो द्विज दुर्बल एक, रह्यो चकिसों बसुधा अभिरामा।

पूछत दीनदयाल को धाम, बतावत आपनो नाम सुदामा।।

(i) उपरोक्त पद्यांश में कौन किसका वर्णन कर रहे हैं? 2

(ii) द्वार पर आने वाले व्यक्ति की दशा का वर्णन करो। 2

(iii) उपरोक्त पद्यांश किस कविता से लिया गया है? 1

अथवा

मैया कबहिं बढ़ैगी चोटी?

किती बार मोहिं दूध पियत भई, यह अजहूँ है छोटी।

तू तो कहति बल की बेनी ज्यौं, ह्वै है लाँबी-मोटी।

काढ़त-गुहत न्हवावत जै है, नागिन सी भुई लोटी।

(i) पद्यांश में कौन किससे क्या शिकायत कर रहा है? 2

(ii) बालक अपनी इच्छा पूरी करने के लिए क्या-क्या प्रयास कर रहा है? 2

(iii) प्रस्तुत पद्यांश किस कविता से लिया गया है? 1

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 2 + 2 + 2 = 6

(i) दूध की तुलना में श्रीकृष्ण कौन-से खाद्य पदार्थ को अधिक पसंद करते हैं?

(ii) 'चोरी में बान में हौं जू प्रवीने।' प्रस्तुत पंक्ति में कथन की पृष्ठभूमि स्पष्ट कीजिए।

(iii) द्वारका से खाली हाथ लौटते समय सुदामा श्रीकृष्ण के विषय में क्या सोच रहे थे?

(iv) मक्खन चुराते और खाते समय श्रीकृष्ण थोड़ा-सा मक्खन बिखरा क्यों देते हैं?

7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

साइकिल चलाने के बहुत निश्चित आर्थिक कारण थे। इससे आय में वृद्धि हुई है। यहाँ की कुछ महिलाएँ आस-पास के गाँवों में कृषि सम्बन्धी अथवा अन्य उत्पाद बेच आती हैं। साइकिल की वजह से बसों के इंतजार में व्यय होने वाला उनका समय बच जाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अगर आप चाहें तो इससे आराम करने का काफी समय उन्हें मिल सकता है।

(i) स्त्रियों द्वारा साइकिल चलाने का प्रमुख कारण क्या था? 1

(ii) इससे किस चीज में वृद्धि हुई है? 1

(iii) इनका समय कैसे बचता है? 1

(iv) इनकी बिक्री (कृषि सम्बन्धी उत्पाद) बढ़ क्यों गई है? 1

(v) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है? 1

8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 3 + 3 = 6

(i) 'साइकिल आंदोलन' को चलाने में प्रारम्भ में महिलाओं के सामने कौन-सी समस्याएँ आईं?

(ii) पहला बोलता सिनेमा बनाने के लिए फिल्मकार अर्देशिर एम. ईरानी को प्रेरणा कहाँ से मिली? उन्होंने 'आलम आरा' फिल्म के लिए आधार कहाँ से लिया?

(iii) अंग्रेज के सामने बिलवासी जी ने झाऊलाल को पहचानने तक से क्यों इन्कार कर दिया था? आपके विचार से बिलवासी जी ऐसा अजीब व्यवहार क्यों कर रहे थे?

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 2 + 2 + 2 = 6

(i) कहानी में मोटे-मोटे किस काम के हैं? किनके बारे में और क्यों कहा गया?

(ii) लेखक को ओस की बूँद कहाँ मिली?

(iii) घायल बाज को देखकर साँप खुश क्यों हुआ होगा?

(iv) गवरइया की टोपी पर दर्जी ने पाँच फुँदने क्यों जड़ दिए?

10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 2 × 5 = 10

(i) तात्या टोपे किस तरह के नेता थे?

(ii) भारत में मुगल साम्राज्य की नींव किसने डाली?

(iii) औरंगजेब कैसा शासक था ?

(iv) गुरुनानक देव कौन थे ? उन्हें किस रूप में याद किया जाता है ?

(v) भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में 1857 का क्या महत्त्व है ?

(vi) पं. नेहरू जी ने 'पर्दा प्रथा' को दुर्भाग्यपूर्ण क्यों बताया ?